

## एक नजर में

### रोजगार पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश प्रारंभ

**राजगढ़ 10 अक्टूबर, का.** प्रभारी संस्था प्रमुख शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एमव्ही संतोष कुमार ने बताया कि शासकीय आईटीआई संकट मोचन कॉलोनी राजगढ़ में प्रवेश सत्र 2025 में रिक्त सीटो में प्रवेश हेतु रोजगार उन्मुखी पाठ्यक्रम व्यवसाय वेल्डर हेतु 8वीं उत्तीर्ण एवं कोपा, डीजल मैकेनिक, स्टेनोग्राफर हिन्दी हेतु 10वीं उत्तीर्ण के आधार पर प्रवेश प्रारंभ हो गए है . जिसकी अंतिम तिथि 17 अक्टूबर रहेगी . इच्छुक आवेदक समग्र आईडी, आधार कार्ड, 8वीं, 10वीं की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र के साथ संस्था में या ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से प्रवेश ले सकते हैं .

### मां आशापुरी धाम पर दूसरा सामूहिक कन्या भोज

**पड़ाना 10 अक्टूबर, सं.** सारंगपुर पड़ाना निवासी स्वर्गीय श्री यशवंत सिंह अरोरा के तत्वाधान में विगत 25 वर्षों से शारदेय नवरात्र पश्चात प्राचीन मां आशापुरी धाम पर सामूहिक कन्या भोज का आयोजन होता आ रहा है . जिसके चलते शुक्रवार मंदिर परिसर में बड़ी धूमधाम से सामूहिक कन्या भोज का आयोजन किया गया . जिसमें 9 विद्यालय सहित नगर की 5 वर्ष से 15 वर्ष आयु तक की 900 से भी से अधिक कन्याओं ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया . इस दौरान मुख्य रूप से स्वर्गीय श्री अरोरा सुपुत्र प्रमोद अरोरा सपत्नीक निवासी सारंगपुर ने कन्या भोज में उपस्थित बालिकाओं का कुमकुम अक्षत बिंदिया लगाकर भेंट दी .

# अवैध क्लीनिक पर छापा, बच्चों की सिरप मिली

## खिलचीपुर के जैतपुरा में स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही, इधर छापीहेड़ा में खबर लगते हुए भागे संचालक

**शिकायत के बाद क्लीनिक पर छापा**

**जिले में की जा रही अवैध क्लीनिकों पर छापामार कार्यवाई**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 10 अक्टूबर, का. अवैध रुप से संचालित क्लीनिकों की धरपकड़ करते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यवाई की जा रही है. विगत दिवस ब्यावरा में अवैध क्लीनिक पर कार्यवाई के बाद खिलचीपुर तहसील के ग्राम जेतपुराखुर्द में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा अवैध रुप से संचालित क्लीनिक पर कार्यवाई की. उक्त क्लीनिक को लेकर लगातार शिकायतें स्वास्थ्य विभाग को मिल रही थी.**

जिले में कहीं भी गैर कानूनी ढंग से चिकित्सा उपचार करने वालों पर कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा कार्रवाई करने के निर्देश दिए गये है. इसी के परिपालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर शोभा पटेल द्वारा सभी ब्लॉकों में टीमों का गठन करते हुए उनके क्षेत्रांतर्गत ऐसे सभी अवैध क्लिनिकों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है, जहां बिना किसी पंजीयन और वैध डिग्री, डिप्लोमा के मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ करते हुए उनका उपचार किया जा रहा है.



### 204 क्लीनिक के ही रजिस्ट्रेशन

जिला स्वास्थ्य विभाग के रिकार्ड में अनुमानित तौर पर जिले भर में संचालित 204 क्लीनिक के ही रजिस्ट्रेशन है, जो कि वैद्य तरीक से संचालित है . जबकि देखा जाये तो जिले में क्लीनिकों की संख्या हजार तक है . अकेले ब्यावरा नगर में ही क्लीनिकों की संख्या काफी अधिक है . इसी तरह जिले के नरसिंहगढ़, पचोर, राजगढ़, सारंगपुर, खिलचीपुर, जीरापुर, कुरावर, तलेन, माचलपुर, खुजनेर, छापीहेड़ा सहित कस्बो एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में क्लीनिक संचालित है, जिनकी संख्या हजार तक है . जबकि स्वास्थ्य विभाग के रिकार्ड में जो रजिस्ट्रेशन है उसकी संख्या मात्र 204 के आसपास ही है .

**मिल रही थी शिकायत-** खिलचीपुर तहसील के ग्राम जेतपुराखुर्द में एक झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा एलोपैथिक पद्धति से उपचार करने की लगातार शिकायत मिल रही थी. इस आधार पर सीबीएमओ डा. डी.आर. पच्चीसिया ने टीम के साथ जेतपुराखुर्द में उक्त क्लीनिक पर कार्यवाई की. तलाशी के दौरान टीम को यहां से बड़ी संख्या में उपचार की सामग्री मिली. उपयोग किए गए इंजेक्शन, सीरींज, दवाईयां, एंटीबायोटिक और बच्चों के सीरप मिले है. टीम में खंड चिकित्साधिकारी, के साथ ही तहसीलदार रामप्रताप सिंह ठाकुर, डा. कमल दांगी तथा फार्मासिस्ट रानू झा मौजूद रहे. क्लीनिक की तलाशी के दौरान टीम को बड़ी संख्या में आपत्तिजनक सामग्री मिली. इसमें उपयोग किए गए इंजेक्शन, सीरिंज, दवाईयां, एंटीबायोटिक और बच्चों के सीरप शामिल थे, जिन्हें बड़ी मात्रा में बरामद किया गया. इस दौरान छापा मारने वाली इस संयुक्त टीम में खंड चिकित्सा अधिकारी के साथ तहसीलदार रामप्रताप सिंह ठाकुर, डॉ. कमल दांगी और फार्मासिस्ट डॉ. रानू झा मौजूद थे. सीबीएमओ डॉ. पच्चीसिया ने तत्काल प्रभाव से उक्त डॉक्ट र की दुकान सील कर दी. साथ ही डॉक्टचर को तीन दिवस के भीतर अपने उपचार करने संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने का नोटिस भी जारी किया है. वैध दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने की स्थिति में डॉक्टतर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

### खबर लगते ही क्लीनिक बंद कर भागे

**नवभारत न्यूज, छापीहेड़ा 10 अक्टूबर, सं.** नगर में गुरुवार शाम सीबीएमओ डीआर पच्चीसिया, नायब तहसीलदार विनीत गोयल, डॉ कमल दांगी ,रानू झा फार्मासिस्ट द्वारा नगर में चल रहे प्राइवेट क्लीनिको की जांच करने आये टीम के पहुंचने के पहले झोलाछाप डॉक्टरों को पता चला तो क्लिनिक बंद कर भाग गए. इसके पहले जेतपुरा खुर्द में रमेश विश्वास निवासी कोलकाता द्वारा आवेध तरीके से एलोपैथिक इलाज किया जा रहा था. इसके पास क्लीनिक पर किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं पाए गए एवं अमानक दवाइयां पाई गई उनके क्लीनिक सील किया तथा आदेशित किया की तीन दिन के अंदर सीएचसी खिलचीपुर में आकर अपने दस्तावेज पेश करें. वहां से आकर नगर में पहुंचे तो अफरा तफरी मच गई.

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रदाय किए पीपीओ

**राजगढ़ 10 अक्टूबर, का.** संचालक पेंशन एवं भविष्य निधि भोपाल द्वारा दिए गए निर्देशानुसार एवं कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण समय सीमा में किए जाने हेतु निरंतर प्रयासरत होकर तथा पेंशनरों के प्रति संवेदनशीलता रखते हुए उनके प्रकरणों का निराकरण करने निर्देश दिए गए. जिससे संबंधित डीडीओ द्वारा भी पेंशन प्रकरणों का निराकरण सेवानिवृत्ति माह में ही किये जाने के कारण माह सितम्बीर 2025 में सेवानिवृत्त 29 शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण जिला पेंशन अधिकारी संदीप दुबे द्वारा किया जाकर सेवा निवृत्त पेंशनरों के पीपीओ तैयार किये गये. पेंशनरों को पीपीओ का वितरण एवं सम्मान कार्यक्रम शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया है. जिसमें अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, संयुक्त कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह दांगी एवं अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी सुश्री निधी भारद्वाज, डिप्टी् कलेक्टरर सुश्री ज्योवति राजोरा द्वारा सेवानिवृत्ति शासकीय सेवकों को शाल, श्रीफल एवं पीपीओ प्रदान किए गए.

## चेतावनी सड़क पर न रखें सामान

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 10 अक्टूबर, का.** धनतेरस, दीपावली त्यौहार को देखते हुए यातायात एवं बाजार बैठक व्यवस्था को सुगम एवं बेहतर बनाने नगर पालिका द्वारा आवागमन में बाधक बनने वाले दुकानों के आगे रखे सामान, अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की हिदायत दी गई है. शुक्रवार को नपा द्वारा इस आशय का एनाउंस कराते हुए कहा है कि त्यौहार के समय अधिक भीड़भाड़ के चलते आमजन को आवागमन में परेशानी न हो इसको देखते हुए दुकानों के काफी आगे तक रखा जाने वाला सामान संबंधित अपनी दुकान की निर्धारित सीमा में रखे. बावजूद इसके यदि सड़क पर सामान रखा पाया जाता है तो फिर चालानी कार्यवाई की जाएगी.

## मांगों को लेकर नवंबर में प्रदेशव्यापी धरना देगा पेंशनर्स संघ

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 10 अक्टूबर, सं. पेंशनर्स एसोसिएशन के इंदौर संभागीय सम्मेलन में प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक संपन्न हुई. मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का स्थापना दिवस एवं संभाग स्तरीय सम्मेलन आयोजित हुआ.**

जिसमें प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक ओम प्रकाश बुधौलिया प्रांत अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई. जानकारी देते हुए श्री बुधौलिया ने बताया इंदौर संभागीय सम्मेलन में इस अवसर पर प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए. जिसमें अपनी जायज मांगों के समर्थन में अगले माह नवंबर में धरना प्रदर्शन के माध्यम से सरकार के मुखिया को ज्ञापन देने हेतु प्रदेशव्यापी आंदोलन भोपाल में होना सुनिश्चित किया हैं. जिसकी तिथि शीघ्र घोषित होगी. जिसमें प्रदेश भर के पेंशनर हजारों की संख्या में उपस्थित रहेंगे. संभागीय सम्मेलन में इंदौर संभाग के संभागीय अध्यक्ष सहित जिला अध्यक्ष, ब्लॉक एवं तहसील अध्यक्ष सहित पदाधिकारी एवं सदस्य, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे. शाखा सहारनपुर जिला राजगढ़ की ओर से प्रांतीय सचिव लक्ष्मी नारायण त्रिकार सहित वरिष्ठ पदाधिकारी गंगाराम सिरोलिया, सिद्धू प्रसाद धनगर एवं शिवनारायण मालवीय ने प्रतिनिधित्व किया. कार्यक्रम की सफलता पर ओमप्रकाश बुधौलिया प्रांत अध्यक्ष ने इंदौर संभागीय अध्यक्ष एआर खान जिला अध्यक्ष एसके उपाध्यक्ष सहित संपूर्ण टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया है.


**नवभारत**

**एजेंसी देना है**

नवभारत भोपाल संस्करण अंतर्गत जिले के सण्डावता, मण्डावर, मलावर में समाचार प्रसार और विज्ञापन एजेंसी देना है.

पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करने वाले इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें

नवभारत जिला कार्यालय ब्यावरा
9993866399



